Title: Need to ensure purchasing of soyabean from the farmers at support prices in Madhya Pradesh.

श्री शिवराजसिंह चौहान (विदिशा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक राज्य है। किसान घोर परिश्रम करके सोयाबीन उत्पादित करता है लेकिन पिछले लगातार तीन साल से किसान दुर्भाग्य का शिकार हो रहा है। एक तो अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण सोयाबीन की फसल खराब हुई और जो फसल बच गई वह किसानों को औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ रही है। उत्पादन में लागत लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन सोयाबीन की कीमत लगातार घटती जा रही है। केन्द्र सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य ८४५ रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया था लेकिन दुर्भाग्य यह है कि मध्य प्रदेश में ८४५ रुपए प्रति क्विंटल जो समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, उतने में खरीदने की राज्य सरकार ने कहीं कोई व्यवस्था नहीं की और न ही पर्याप्त मात्रा में खरीद केन्द्र खोले। इसलिए औने-पौने दामों में ६०० रुपए प्रति क्विंटल पर किसान अपना सोयाबीन बेच रहा है। अगर सोयाबीन के समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्र कहीं खोले भी गए हों तो नाफेड और तिलहन संघ के माध्यम से राज्य सरकार सोयाबीन खरीदने की बात करती है लेकिन उनके पास पैसे नहीं हैं। वह किसान का सोयाबीन खरीदते नहीं हैं। अगर थोड़ा बहुत सोयाबीन खरीदते भी हैं तो किसान का नहीं खरीदते हैं। व्यापारी किसान से औने-पौने दाम पर सोयाबीन खरीदता है। बाद में वही व्यापारी खरीद केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन बेच देता है। ये दोनों मिल कर पैसा खा रहे हैं। किसान के पल्ले कुछ नहीं पड़ रहा है। इसलिए मध्य प्रदेश का किसान बुरी तरह से त्रस्त और परेशान है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे और समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदना सुनिश्चित करे।

... (व्यवधान)

समर्थन मूल्य और सोयाबीन का खरीद भाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

... (व्यवधान)

यह एक गम्भीर मामला है। केन्द्र सरकार इस पर स्टेटमैंट दे।

... (व्यवधान)

यदि राज्य सरकार के पास सोयाबीन खरीदने के लिये पैसा ना हो तो केन्द्र सरकार पैसे की व्यवस्थता करे तथा किसान का दागी सोयाबीन भी खरीदा जाए।

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: All the hon. Members can associate with Shri Shivraj Singh Chouhan.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: You can also associate with Shri Shivraj Singh Chouhan.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: This is farmers'' issue. Does the Government want to make any response?

श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) : अध्यक्ष महोदय, देश के कई भागों में सोयाबीन का उत्पादन होता है।

... (व्यवधान)

तेल का आयात बंद होना चाहिए।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : सोयाबीन क्रॉप के बारे में कोई मंत्री रिस्पॉन्स देना चाहेंगे?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): It is not my subject. I will bring it to the notice of the concerned Minister so that action on the worries expressed here in this House by the hon. Members can be taken expeditiously.